## आरएसएस के 100 वर्षो की यात्रा पर बनी फिल्म शतक का आज होगा प्रदर्शन

### प्रशिक्षण वर्ग को लेकर भाजपा की कार्यशाला आज

**खंडवा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर बनी फिल्म 'शतक' को कल 27 फरवरी शुक्रवार को प्रातः 09:00 बजे खंडवा के अभिषेक सिनेमा में स्वयंसेवक मित्र मंडल साथ में देखेंगे। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि फिल्म शतक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा समाज सेवा और राष्ट्रीय निर्माण के लिए किए गए निस्वार्थ कार्यों को समर्पित है। यह व्रत चित्र संघ के प्रकल्प और आपदा प्रबंधन से उसमें जमीनी योगदान को विस्तार से इस फिल्म में दिखाया गया है इसमें दिखाया गया है कि कैसे साधारण स्वयंसेवक कठिन परिस्थितियों में भी नर सेवा ही नारायण सेवा के भाव को लेकर कार्य करते हैं। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि फिल्म शतक शुक्रवार को प्रातः 9:00 बजे अभिषेक सिनेमा गृह में दिखाई जाएगी इसमें निमाड़ संभाग के प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिले के प्रभारी अंबाराम कराडा, जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर के साथ जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता स्वयंसेवक इस फिल्म को देखेंगे।

**प्रशिक्षण वर्ग को लेकर कार्यशाला आज–** विगत दिनों भोपाल में प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग को लेकर कार्यशाला संपन्न हुई भोपाल में कार्यशाला संपन्न होने के पश्चात प्रदेश संगठन के निर्देश पर जिले में भी प्रशिक्षण वर्ग को लेकर कार्यशाला आयोजित की जा रही है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शुक्रवार को 12:00 इंदिरा चौक स्थित भाजपा कार्यालय में प्रशिक्षण वर्ग को लेकर जिले की कार्यशाला जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर की अध्यक्षता मे आयोजित की गई है। वक्ता एवं अतिथि के रूप में इस कार्यशाला में निमाड़ संभाग के प्रभारी सुरेंद्र शर्मा जिले के प्रभारी अंबाराम कराडा उपस्थित होकर अपेक्षित जिला पधाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन प्रदान करेंगैं।

# अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में खंडवा का दम, खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण-रजत व कांस्य पदक

### बिना शासकीय मदद एवं बिना कोच के बालक बालिका कुश्ती पहलवान कर रहे हैं शानदार प्रदर्शन

**खंडवा।**

जिले के उभरते पहलवानों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राज्य स्तर पर खंडवा का नाम रोशन किया है। 21 से 24 फरवरी तक जबलपुर में आयोजित अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में खंडवा के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए।



समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कुश्ती खेल की विधा में खंडवा के बालक बालिका पहलवान प्रदेश ही नहीं देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हुनर के माध्यम से मेडल प्राप्त कर खंडवा का नाम रोशन कर रहे हैं। यदी कहे तो कुश्ती के क्षेत्र में खंडवा मध्य प्रदेश का हब बन चुका हैं। सुनील जैन ने बताया कि बिना शासकीय प्रशिक्षक कोच एवं सरकारी मदद के बिना ये कुश्ती खिलाड़ी मध्य प्रदेश केसरी स्वर्गीय हुकुमचंद यादव रघुनाथ पांजरे के आशीर्वाद से अपने गुरुओं मंगल यादव, जगदीश पटेल, हीरालाल यादव, राजेंद्र पंजारे, ऋषि सोनकर से कुश्ती कला का निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर खंडवा को मेडल दिला रहे हैं। जबलपुर में संपन्न हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में

बालिका वर्ग में मानवी यादव (33 किग्रा), भावना राठौड़ (36 किग्रा) एवं कृतिका कुशवाहा (46 किग्रा) ने कांस्य पदक अर्जित किया। भूमि वर्मा (58 किग्रा) ने रजत पदक हासिल किया, जबकि टिया कंठ (62 किग्रा) एवं जय श्री वर्मा (66 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। बालक वर्ग फ्री स्टाइल में अमृत पटेल (38 किग्रा) ने कांस्य, शिवांश चौरे (41 किग्रा) ने रजत, इशांत यादव (44 किग्रा) ने कांस्य, गणेश पटेल (48 किग्रा) ने कांस्य, अनिकेत यादव (52 किग्रा) ने कांस्य, अक्षय नीलकंठ (57 किग्रा) ने कांस्य तथा मोहम्मद इब्राहिम (62 किग्रा) ने कांस्य पदक प्राप्त किया। ग्रीको रोमन शैली में सुयोग चौहान (38 किग्रा) ने कांस्य, नमन नायकोड़े (41 किग्रा) ने रजत, अंश यादव (44 किग्रा) ने कांस्य, युवराज शर्मा (48 किग्रा) ने कांस्य एवं कृष्ण भूते (57 किग्रा) ने रजत पदक हासिल किया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस कुश्ती खिलाड़ियों की उपलब्धि सफलता से जिले में खुशी का माहौल है और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की उम्मीद और मजबूत हुई है। इस उपलब्धि पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे, उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश कुश्ती संघ मंगल यादव, गुरु हीरालाल यादव, सचिव राजेंद्र पांजरे, जगदीश पटेल, ऋषि सोनकर, प्रवक्ता सुनील जैन, रितेश गोयल, आसिफ खान, मुन्ना यादव,टीनू राठौर, भोला यादव, राजू यादव, पन्ना यादव, बल्ला यादव, विजय यादव, धर्मेन्द्र पांजरे, दिनेश पटेल, किशन पटेल, गोविंद पहलवान, प्रकाश पटेल, गेंदालाल पटेल, रूपा यादव, विज्जु यादव ,सुनील शर्मा,महेंद्र वर्मा, सईदुदीन, असलम कुरेशी, अकरम मंसूरी, संदीप वर्मा, अमित कंठ, राजेश डोंगरे, कासिम भाई आदि ने कुश्ती पहलवानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मूंग पर भी सरकार किसानों को दे बोनस और समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करे : सोलंकी

**नर्मदापुरम,** हरदा और खंडवा सहित आसपास के क्षेत्रों के मूंग उत्पादक किसानों के बीच इस समय गहरी चिंता और असंतोष का माहौल है। किसानों का कहना है कि लगातार बढ़ती लागत, अनिश्चित सिंचाई व्यवस्था और बाजार मूल्य में उतार-चढ़ाव के कारण उन्हें स्थिर और स्पष्ट कृषि नीति की आवश्यकता है। मूंग फसल ने इन जिलों में किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसलिए इसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, न कि उपेक्षित किया जाए।

मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव गजेन्द्र सिंह सोलंकी ने किसानों की ओर से मांग उठाते हुए कहा है कि मूंग पर बोनस को लेकर सरकार को स्पष्ट और सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। यदि उड़द को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, तो मूंग को नजरअंदाज करना क्षेत्रीय किसानों के साथ अन्याय होगा। उनका कहना है कि फसल परिवर्तन का दबाव बनाना व्यावहारिक समाधान नहीं है और इससे खेत स्तर पर जोखिम बढ़ सकता है। गजेन्द्र सिंह सोलंकी ने विशेष रूप से अपने क्षेत्र खंडवा के किसानों का उल्लेख करते हुए कहा कि खंडवा जिले में बड़ी संख्या में किसान वर्षों से मूंग की खेती पर निर्भर हैं। यहां की मिट्टी, जलवायु और कृषि चक्र के अनुसार मूंग एक सफल एवं भरोसेमंद फसल रही है। यदि नीति संकेत बदलते हैं और मूंग को पर्याप्त प्रोत्साहन नहीं मिलता, तो खंडवा क्षेत्र के किसानों की आय पर सीधा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे खंडवा सहित पूरे क्षेत्र के किसानों की आवाज को मजबूती से सरकार तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि कृषि



निर्णय केवल घोषणाओं से तय नहीं होते। मिट्टी की प्रकृति, पानी की उपलब्धता, स्थानीय जलवायु और वर्षों के अनुभव के आधार पर किसान फसल का चयन करता है। गेहूं की कटाई और मानसून के आगमन के बीच का समय बहुत कम होता है, जबकि उड़द की फसल को लगभग 80-90 दिन लगते हैं। ऐसे में मानसून का पूरा जोखिम उड़द की फसल पर आ सकता है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि उड़द की खेती में अपेक्षाकृत अधिक सिंचाई, अधिक रासायनिक छिड़काव और अधिक लागत लगती है, जबकि उत्पादन कम होने की संभावना रहती है। साथ ही, अगली फसल में खरपतवार की समस्या बढ़ने की शिकायतें भी सामने आई हैं। ऐसे में बिना समुचित योजना और वैज्ञानिक मूल्यांकन के फसल परिवर्तन किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित हो सकता है। सोलंकी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार को मूंग पर भी उचित बोनस देना चाहिए और न्यूनतम समर्थन मूल्य (रूस्क्) पर प्रभावी खरीदी सुनिश्चित करनी चाहिए। यदि किसानों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया जारी रहा और मूंग को समान प्रोत्साहन नहीं दिया गया, तो आगे कांग्रेस किसानों के साथ उग्र रूप से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि किसान की आय और सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसानों की मांग है कि सरकार खुले संवाद के माध्यम से अपनी दीर्घकालिक रणनीति स्पष्ट करे– क्या मूंग को बढ़ावा दिया जाएगा या क्षेत्र को दूसरी फसलों की ओर मोड़ा जाएगा। नीति में संतुलन, पारदर्शिता और समान व्यवहार ही किसानों का विश्वास बनाए रख सकता है। अंततः किसानों का उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि स्थिर और सम्मानजनक आय सुनिश्चित करना है। किसान उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार उनकी स्थानीय परिस्थितियों और अनुभव को ध्यान में रखते हुए न्यायपूर्ण एवं दूरदर्शी निर्णय लेगी।

## त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ रखने हेतु पुलिस कंट्रोल रूम मे आयोजित की गई बैठक

**खंडवा, पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय द्वारा आगामी त्यौहारों भगोरिया पर्व, होली-धुलेंडी, रंग पंचमी, ईद-उल-फ़ितर, गणगौर पर्व एवं रामनवमी को लेकर जिले मे सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने हेतु जिले के आसूचना संकलन अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तरणेकर, प्रशिक्षु आईपीएस श्री अमित कुमार, जिला विशेष शाखा प्रभारी निरीक्षक दिनेश भंवर, विशेष शाखा प्रभारी निरीक्षक रतन रंधावा, प्रभारी कंट्रोल रूम निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता सहित जिले के आसूचना संकलन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।**

पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को त्योहार के पूर्व शांति समिति की बैठक के साथ-साथ आयोजकों के साथ बैठक लिए जाने के निर्देश दिए गए है। साथ ही संवेदनशील गाँव मे शांति समिति की बैठक ग्राम स्तर पर लिए जाने हेतु बताया गया है। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी थाना प्रभारियों को आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किए जाने एवं बाउन्ड ओवर कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अलर्ट रहकर आपराधिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने तथा त्योहार के समय भीड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त बल लगाए जाने की बात कही गई है।

पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा होली, धुलेंडी, रंग पंचमी के त्यौहारों पर हुड़दंग करने वाले तीन सवारी, स्पीड मे वाहन चलाने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले की चेकिंग ब्रीथ एनालाइजर से की जाकर उनके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए है। रंगों के त्योहार के दौरान हानिकारक केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग वर्जित है, ऐसे रंगों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक खंडवा द्वारा बताया गया है कि डी.जे प्रतिबंधित है अतः शासन की गाइडलाइन के अनुसार निर्धारित डेसीबल मे ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया जा सकेगा। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर रखने एवं उनके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए है। गत वर्ष गणगौर उत्सव के दौरान थाना छैगाँवमाखन के अंतर्गत ग्राम कोंडावत मे गणगौर माताजी के विसर्जन पूर्व कुए की सफाई के दौरान अप्रिय घटना घटित हुई थी, अतः इस वर्ष सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सीईओ जिला पंचायत खंडवा के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर साफ सफाई कराने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए गए है, ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो। पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय द्वारा जिले के नागरिकों से आगामी त्यौहारों को शांति एवं सौहार्द पूर्वक मनाए जाने की अपील की गई है।

## अवैध शराब बिक्री करने वाले 02 आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन मे दिनांक 25.02.26 को कुल 11 गिरफ़्तारी वारंट, 40 जमानती वारंट, 80 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। जिले मे दिनांक 25.02.26 को कुल 02 अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। थाना छैगाँवमाखन के आरोपी जितेंद्र पिता नैनसिंग जाति निहाल उम्र 25 साल निवासी ग्राम मलगाँव के कब्जे से अवैध 15 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 900/-रु जप्त की गई है। थाना मूँदी के आरोपी ईडा पिता सिकदार भुवसारे जाति भिलाला उम्र 55 साल निवासी ग्राम लालखेड़ा के कब्जे से अवैध 07 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 560/-रु जप्त की गई है। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। दिनांक 25.02.26 को जिला खंडवा मे यातायात थाना एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने वाले, तेज गति, बिना ॥स्त्रक्क बिना वैध बीमा वाले वाहनों तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 18 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई एवं समन शुल्क 7200/- रुपये वसूल किए गए हैं। उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री अनिल राय द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है। जिले में आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न थानो मे कुल 38 असामाजिक तत्त्वो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। धारा 126/135 के तहत 27 प्रकरणों मे 32 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 के तहत 04 प्रकरणो मे 06 अनावेदकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिले में कुल 32 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्यवाही कराई गई है।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत



**शाजापुर।** समीपस्थ ग्राम सुनेरा थाना क्षेत्र में रोड क्रॉस करते एक युवक को बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर बूमतलाई माता मंदिर के पास रोड क्रॉस करते समय एक अज्ञात बाइक ने उज्जैन जिले के ग्राम गोवला निवासी चिराग पिता पप्पू बैरागी को टक्कर मार दी। घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। चिराग भूसा गाड़ी पर काम करता था। हादसे के समय वह अपने ट्रक से बूमतलाई माता मंदिर के पास बाथरूम के लिए रुका था। रोड क्रॉसिंग के दौरान ही उसे अज्ञात मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

# रिश्वत लेने वाले पटवारी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25,000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया

**खंडवा। माननीय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम खण्डवा की न्यायालय द्वारा विताराम पटेल पिता रामेश्वर पटेल, उम्र 50 वर्ष, पद पटवारी, निवासी ग्राम बोरगांव खुर्द, जिला खण्डवा को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 (क) में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। लोकायुक्त की ओर से प्रकरण का संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री विनोद कुमार पटेल द्वारा किया गया।**

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी श्री हरिप्रसाद बांके, एडीपीओ द्वारा बताया गया कि शिकायतकर्ता राकेशसिंह मोर्य निवासी ग्राम जामली कला जिला खण्डवा की जमीन उसके पिता के नाम पर थी, उसके पिता उसे और छोटे भाई को देना चाहते थे, इसके लिये उसने अपने पिताजी के कहने पर लोकसेवा केन्द्र पंधाना बटवारा नामांतरण व पावती के संबंध में आवेदन पत्र दिया था, आवेदन देने के एक दो दिन बाद उसके घर हल्का नंबर 50 के पटवारी चिताराम पटवारी उसके घर आये थे और उसे और उसके भाई से बटवारा नामांतरण व पावती बनाने के संबंध में बातचीत की तथा बातचीत के दोरान पटवारी चिंताराम पटेल ने उससे कहां कि जल्दी से बटवारा नामांतरण एवं पावती करवा लो साहब अच्छे आये है, फटाफट काम कर देंगे तो मेने कहां की काम जल्दी करवा दो तो उन्होंने ने कहां की काम जल्दी करवाने के 10 हजार रूपये लगेंगे तो उसने कहा कि सर बटवारा नामांतरण और पावती के पैसे तो नहीं लगते हैं तो पटवारी चिंताराम पटेल बोला की ठीक है, अगर तुम मुझे पैसे नहीं दोंगे तो मैं तुम्हारा काम नहीं होने दुगां तो उसने कहां सर 10 हजार रूपये तो ज्यादा होता है तो पटवारी चिंताराम पटेल बोला जो जायज है वहीं मांग रहा हूं इससे कम नहीं होगा। चिंताराम पटेल पटवारी उससे 2500 रूपये ले चुके थे ओर बाकी रिश्वत के पैसे 7500 रूपये उससे ओर मांग रहे थे ओर कह रहे थे कि बाकी के पैसे नहीं दोंगे तो तुम्हारा काम नहीं होगा। वह पटवारी को रिश्वत नहीं देना चाहता था, बल्कि उसे रिश्वत लेते हुये रंगेहाथों पकडवाना चाहता था. इसलिये उसने उसे दिनांक 20.09.2021 को लोकायुक्त कार्यालय इंदौर में जाकर पटवारी चिंताराम पटेल की रिश्वत मांगने की शिकायत के संबंध में एक आवेदन पत्र दिया था। लोकायुक्त कार्यालय में रिश्वत मांग के इस प्रकरण में कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षक सुनिल उईके को नियुक्त किया था। थाना विशेष पुलिस स्थापना जिला लोकायुक्त के अप. क. 176/21 धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोपी चिंताराम पटेल पटवारी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की और निरीक्षक सुनिल उईके लोकायुक्त कार्यालय इंदौर के नेतृत्व में दिनांक 27.09.2021 को चिंताराम पटेल पटवारी को कोहदड रोड श्रद्धा टेडर्स के पास ग्राम जामली कला में फरियादी राकेशसिंह मोर्य से 5,000 रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया था। प्रकरण में संपूर्ण कार्यवाही उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष न्यायालय भ्रष्टचार निवारण अधिनियम (श्री अरविंद सिंह टेकाम) के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में साक्षियों को माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित रखने में पुलिस अधीक्षक डॉ0 राजेश सहाय के निर्देश पर आर पवन पटोरिया ने साक्षियों को न्यावालय के समक्ष उपस्थित रखने में अहम भूमिका रही।

# उत्साही माहौल में आतिशबाजी ,गाजे - बाजे से एक ही गांव टेमला के 500 तीर्थ यात्री अयोध्या धाम रवाना

खरगोन। आतिशबाजी और बाजे गाजे के साथ सत्संग करते हुए एक ही गांव के 500 ग्रामीणों का जत्था ग्राम टेमला से अयोध्याधाम रवाना । रामलाल हनुमान गढ़ी और सरयू नदी करेंगे दर्शन पांच दिवस में करेंगे दर्शन ।

ग्रामीण पहली बार देखेंगे अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद किस तरह है अयोध्याधाम । किस तरह दिखते है रामलाल । टेमला गांव के युवा वयस्क बुजुर्ग तीर्थ यात्री पहली बार अयोध्या में भगवान श्रीराम दर्शन करेंगे । उसी कारण गुरुवार अल सुबह 5 बजे उन्हें धार्मिक तीर्थ यात्रा भेजने से पहले पूरे गांव में भव्य आतिशबाजी की गई। पूरे गांव में सत्संग करते हुए प्रभातफेरी निकालकर गाजे बाजे के साथ उन्हें रवाना किया। ग्रामीणों की यह यात्रा निःशुल्क है।पूरी यात्रा पूर्व कृषि मंत्री बालकृष्ण पाटीदार के पुत्र युवा नेता उद्यमी एवं समाजसेवी नितिन पाटीदार

द्वारा कराई जा रही है। उनका उद्देश्य कि ग्रामीण अयोध्याधाम में भगवान श्रीराम लाल के दर्शन करें।देखे किस तरह वर्षों विवाद में रहा अयोध्या में अब किस तरह का वातावरण है ।जिस अयोध्या में कारसेवकों ने अपनी आहुति दी



सरकार ने उनके योगदान को किस तरह स्वरूप दिया। पहले तीर्थ यात्री भगवान श्रीराम के दूर से एक परकोटे में टेंट में भारी सुरक्षा में बैठे श्रीराम के दर्शन करते थे अब भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर और भव्यता से उनकी मूर्ति किस तरह अलौकिक हो रही है यह देखेंगे।प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी सरकार ने अपनी पार्टी के भव्य राममंदिर बनाने के वादे को किस तरह निभाया है उसी उद्देश्य से अपने गांव के 500 लोगों को अपनी ओर से नितिन पाटीदार यात्रा करा रहे है। यात्रा दौरान तीर्थ यात्रियों की तीर्थ यात्री बस सहित यात्रा मार्ग से लेकर अयोध्याधाम तक की पेयजल नाश्ते भोजन और ठहरने की व्यवस्था नितिन पाटीदार द्वारा की गई है । आतिशबाजी और बाजे गाजे के साथ सत्संग करते हुए 500 ग्रामीणों का जत्था पूर्व कृषि मंत्री बालकृष्ण पाटीदार के ग्राम टेमला से अयोध्याधाम रवाना । रामलाल हनुमान गढ़ी और सरयू नदी करेंगे दर्शन पांच दिवस में करेंगे दर्शन । खासबात यह है कि ग्राम टेमला निवासी यह सभी ग्रामीण गांव के लक्ष्मीनारायण मंदिर में 50 वर्षों से सतत् श्रीकृष्ण सत्संग और संकीर्तन कीर्तन कर रहे है। गांव में प्रभातफेरी भी निकालते है। इतनी धार्मिकता से जुड़े लोगों को अयोध्या श्रीराम दर्शन की चर्चा को उनके गांव के बेटे नितिन पाटीदार ने पूरा करने का वादा किया। गुरुवार को यह वादा नितिन ने पूरा करते हुए आठ वीडियो कोच बसों से सभी ग्रामीणों की यात्रा को पूरा किया। जिसमें रास्ते में समय पर नाश्ता भोजन और रुकने की व्यवस्था की गई है। रास्ते ।में तीर्थ यात्री को कोई तक़लीफ नहीं हो उसका पूरा ध्यान रखा गया है । ग्रामीणों ने सीताराम भाई मायाराम भाई ने भी अपनी बात बताते हुए कहां वह अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर किस तरह बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने तीर्थ यात्रियों के लिए किस तरह व्यवस्थाएं की है ।अयोध्याधाम को किस तरह सजाया गया है। यह सभी के साथ रामलाल के मंदिर बनने के बाद किस तरह दर्शन होते है।

## 9 थानों एक पुलिस चौकी और एक एसडीओपी कार्यालय को ISO आवार्ड

**खरगोन।** गौरवान्वित करने वाले पल 09 पुलिस थाने 01 एसडीओपी कार्यालय एवं 01 चौकी को मिला आईएसओ प्रमाणित का दर्जा पुलिस लाइन खरगोन में कार्यक्रम आयोजित कर प्रमाण पत्र उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा एवं पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के द्वारा संबंधित जिम्मेदारों को प्रदाय किए गए। पुलिस थाना बड़वाह सनावद बेड़िया मैंनगाँव बरुड गोगावां ऊन भगवानपुरा एवं भीकनगाँव एसडीओपी कार्यालय बड़वाह एवं चौकी सेगाँव को दिया गया आईएसओ प्रमाण पत्र दिए गए।



मानक स्तर पर अच्छा रखरखाव जनसामान्य तथा पुलिस कर्मचारियों के लिए उच्च स्तर की बैठक व्यवस्था जनसुनवाई एवं सुलभ व्यवस्थाओं में अव्वल होने पर मिला सम्मान। इंटरनेशनल ऑर्गेनाइज़ेशन फ़ॉर स्टैंडर्डाइज़ेशन अर्थात अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन द्वारा विश्व की किसी भी संस्था में उच्च स्तर के कागजातों के रखरखाव उच्च स्तर का समन्वय उच्च स्तर की सुविधा एवं व्यवस्थाएं सहित कर्मचारी एवं जन सामान्य के लिए उच्च स्तर की सुनवाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए मूल्यांकन कर चयन किया गया। डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा बोले पाब्लिक संवाद में सहजता और सुने उनकी बात यही सबसे बड़ा पैरामीटर। आगे आप सभी पैरामीटर को फॉलो करें ।पूरे जिले को आईएसओ कराने के प्रयास करे। एसपी रवींद्र वर्मा बोले खरगोन जिले के थानो पुलिस चौकी और एसडीओपी कार्यालयों में अच्छा रखरखाव व्यवस्थाएं और संवाद संप्रेषण यह ओर अच्छे से हो इसको लेकर मानीटरिंग की जाएगी। कार्यक्रम में शहर और ग्रामीण एएसपी बिट्टू सिंह और शकुंतला रुहल भी मौजूद रहे।